# अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय

उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), ग्वालियर रोड झाँसी (उ0प्र0)।

Email Add.- eecdupjnjhansi@gmail.com Mob. No. 9473942725


पत्रांक 1277 / समाचार-पत्र / 58 दिनांक–22/6/.2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषय :– **हिन्दुस्तान समाचार पत्र में दिनांक 19.06.2026 को प्रकाशित शीर्षक ''सूखे पड़े नल, शास्त्री नगर में पेयजल योजना विफल'' की अनुपालन आख्या प्रेषित करने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दिनांक 19.06.2026 को हिन्दुस्तान समाचार पत्र में प्रकाशित शीर्षक **''सूखे पड़े नल, शास्त्री नगर में पेयजल योजना विफल''** के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि ग्राम बबीना रूरल (मुहल्ला शास्त्री नगर), जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्मित बुढ़पुरा ग्राम समूह पेयजल योजना में सम्मिलित है। **ग्राम में कुल 1965 नग गृह संयोजन किये गये है, जिसके सापेक्ष 1250 नग गृह संयोजनों के माध्यम से पेयजल की निर्धारित रोस्टर के अनुसार नियमित जलापूर्ति की जा रही है।** ग्राम के आंशिक भाग में बिछायी गयी पाईप लाइन को मुख्य पाइप लाइन से इण्टर कनेक्ट करने वाले भाग में कार्य करने हेतु रक्षा विभाग से अनुमति प्राप्त न होन के कारण पाइप लाइन को मुख्य पाइप लाइन से जोड़े जाने का काय शेष है, जिस ग्राम बबीना रूरल के आंशिक भाग (मुहल्ला शास्त्री नगर सहित) में पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ नही करायी जा सकी है। **रक्षा विभाग (मुख्यालय), नई दिल्ली के स्तर पर अनुमति लम्बित है।** अनुमति प्राप्त करने के उपरान्त इण्टर कनेक्शन का कार्य पूर्ण कराते हुये ग्राम में शत–प्रतिशत जलापूर्ति प्रारम्भ करा दी जायेगी।

अतः आख्या अग्रिम कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है।

संलग्नक :– उपरोक्तानुसार।

भवदीय

**(मुकेश कुमार सिंह)**
अधिशासी अभियन्ता

**संख्या एवं दिनांक यथोपरि।**

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता (बुन्देलखण्ड क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी।
3. जिलाधिकारी महोदय, झाँसी को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
4. अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग झाँसी।
5. जिला सूचना अधिकारी, झाँसी।
6. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता / जूनियर इंजीनियर।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner